प्राकृतिक खेती से 2 लाख 50 हजार किसानों को मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मिल रही नई दिशा

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर निर्णय ले रही है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि रसायनों पर निर्भरता कम होने के साथ ही यह क्षेत्र टिकाऊ कृषि की ओर अग्रसर हो। सरकार का लक्ष्य किसानों को रसायन-मुक्त और टिकाऊ प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहित करना है, जिससे मिट्टी की उत्पादकता में सुधार हो, खेती की लागत कम हो, किसानों की आय बढ़े और अधिकतम उपज प्राप्त हो सके। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट में व्यापक एवं दूरदर्शी कार्ययोजना की घोषणा की गई है। इसके तहत 2 लाख 50 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत 2 लाख 25 हजार किसानों को केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

योगदान दे रही है। अतिरिक्त 25 हजार किसानों को राज्य सरकार द्वारा शत् प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

प्राकृतिक खेती को संगठित रूप से लागू करने के लिए 125 किसानों के 50 हैक्टेयर क्षेत्र में 1 कलस्टर का गठन किया गया है। योजनान्तर्गत राज्य के सभी जिलों में 1 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में 2 हजार कलस्टर बनाये गये हैं। मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किसानों को

■ **टिकाऊ खेती को मिल रहा प्रोत्साहन, खेती की लागत हो रही कम**

विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उदयपुर के प्राकृतिक खेती केंद्र द्वारा विभागीय अधिकारियों, कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों एवं किसान मास्टर ट्रेनरों को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

चयनित कलस्टरों में किसानों में जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक कलस्टर में किसानों के साथ समन्वय हेतु कृषि सखी/सीआरपी की नियुक्ति की गई है। इन कृषि सखियों को कृषि विज्ञान केंद्रों के द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिससे वे किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध करा सकें।प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए चयनित किसानों को प्रति एकड़ 4 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। यह राशि ऑन-फार्म इनपुट उत्पादन इकाइयों के लिए बुनियादी ढांचा स्थापित करने में सहायक सिद्ध हो रही है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि स्थानीय स्तर पर किसानों को प्राकृतिक उर्वरक एवं जैविक आदानों की आसानी से उपलब्धता हो। इस हेतु कृषि विभाग द्वारा बायो इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। कार्ययोजना के तहत प्रत्येक बायो इनपुट संसाधन केंद्र के लिए 1 लाख रुपये का प्रावधान है, ताकि स्थानीय स्तर पर प्राकृतिक उर्वरक तैयार हो सके। अब तक 180 बायो इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित हो चुके हैं। राज्य सरकार की यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनायेगी, साथ ही स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित पर्यावरण और सतत् कृषि विकास की दिशा में राज्य को एक नई पहचान दिलाएगी।

2 दिनों में 687 ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन हुआ

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन हो रहा है। प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित हो रहे एक दिवसीय शिविर मेंग्रामीणों व विशेष रूप से किसानों एवं पशुपालकों को 12 विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना भी सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम उत्थान शिविरों केपहले दिन 23 जनवरी को प्रदेशभर में आयोजित हुए कुल 366 शिविरों में2 लाख 11 हजार से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया।वहीं, दूसरे दिन 24 जनवरी को 321 शिविर आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री शर्मा ने किसानों व पशुपालकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आगामी ग्राम उत्थान शिविरों में सहभागी बनें और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी से प्रथम चरण में प्रारंभ हुए ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन आगामी 25 व 31 जनवरी को किया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 1 फरवरी एवं 5 से 9 फरवरी तक भी प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर इन शिविरों का आयोजन होगा। प्रदेशभर में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

हमारा देश "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" का साकार रूप : हरिभाऊ बागड़े

लोकभवन में उत्तरप्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर का स्थापना दिवस मनाया गया

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने उत्तरप्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर राज्यों के स्थापना दिवस पर शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

जयपुर (कासं)। लोकभवन में शनिवार को उत्तरप्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इन राज्यों के राजस्थान में रहने वाले निवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभाने का आव्हान किया। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सासंद डॉ. दिनेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि विविधता में एकता लिए हमारा देश "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" है। राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि विविधता में एकता की हमारी संस्कृति को हम उत्सव रूप में मनाएं। उन्होंने उत्तरप्रदेश को देश का सबसे बड़ा राज्य बताते हुए भारत के भाल रूप में

■ **सांसद और उत्तरप्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा भी रहे उपस्थित**

इस राज्य की सांस्कृतिक विशेषताओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या का राम लल्ला का मंदिर और कुंभ का ऐतिहासिक प्रयागराज मेला विश्व के बड़े आकर्षण है। राज्यपाल ने मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा को पूर्वोत्तर के प्रमुख राज्य बताते हुए इन राज्यों की जनजातीय और प्रकृति से जुड़ी संस्कृति को महत्वपूर्ण बताया।

सासंद डॉ. दिनेश शर्मा ने उत्तरप्रदेश राज्य की विशेषताओं की चर्चा करते हुए कहा कि भारत का यह सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन केंद्र ही नहीं है, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से समृद्ध संपन्न और तेजी से विकास की ओर बढ़ता राज्य है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश में सभी के समान विकास को गति दी गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सर्वाधिक उत्तरप्रदेश के निवासी हैं और उत्तरप्रदेश में राजस्थान के सर्वाधिक लोग निवास करते हैं। यह राज्य पड़ोसी राज्यों के साझा विकास का संवाहक है।

इससे पहले राज्यपाल ने उत्तरप्रदेश, मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा राज्य के निवासियों से संवाद किया। यहां लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

रोहित गोदारा के नाम पर स्कूल संचालक से मांगी 10 लाख रु. रंगदारी

जयपुर। सदर इलाके में कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के नाम पर एक निजी स्कूल संचालक से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप कॉल नहीं उठाने पर पीड़ित को वॉइस मैसेज भेजकर 10 लाख रुपए की रंगदारी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। पीड़ित की शिकायत पर सदर थाने में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार सदर क्षेत्र निवासी निजी स्कूल संचालक के मोबाइल पर उस समय इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सऐप कॉल आया, जब वह स्कूल के विद्यार्थियों के साथ पिकनिक पर गया हुआ था। विदेशी नंबर देखकर पीड़ित ने कॉल को नजरअंदाज कर दिया और बाद में उस नंबर को ब्लॉक कर दिया। इसके बाद वॉट्सऐप पर वॉइस मैसेज भेजा गया।जिसे सुनने पर रंगदारी की धमकी का खुलासा हुआ। वॉइस मैसेज में खुद को रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताते हुए कहा गया कि मोबाइल नंबर ब्लॉक कर क्या समझ रहा है, दस लाख रुपए दे दे, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। इस धमकी भरा वॉइस मैसेज मिलने के बाद स्कूल संचालक ने सदर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है।

हमीद खान मेवाती ने संभाला पदभार

जयपुर । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने शनिवार को जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित समारोह में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेशभर से आए अल्पसंख्यक समाज के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों तथा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने विधिवत रूप से हमीद खान मेवाती को प्रदेशाध्यक्ष पदभार ग्रहण कराया।

निजी बस ऑपरेटर्स के आव्हान पर शनिवार को प्रदेशभर में निजी बसों के पहिए थमे रहे। जयपुर से लोक परिवहन और स्लीपर बसों का संचालन भी नहीं हुआ। अधिकांश बसें पानीपेच तिराहे पर स्थित बाड़े में खड़ी रही। हड़ताल का ज्यादा असर ग्रामीण इलाकों में दिखाई दिया। यूनियन ने चेतावनी दी है कि 28 जनवरी को परिवहन भवन पर विरोध-प्रदर्शन भी किया जायेगा। फोटो-राष्ट्रदूत

फर्टिलिटी किट बांटा

जयपुर (कासं)। ग्राम उत्थान शिविर में माधोराजपुरा ब्लॉक ग्राम पंचायत हरसूलिया के हीरालाल गुर्जर को पशुपालन विभाग द्वारा फर्टिलिटी किट प्रदान किया गया।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

आवश्यक सूचना

आवास संख्या 4 ध 32, सी.ई.बी., खोजवा, अलवर जो कि मूलतः श्रीमती संतोष रागा पत्नि श्री एन.एन. रागा, को आवंटन पत्रांक 3181 दिनांक 23.11.1992 के द्वारा आवंटित किया गया था। श्रीमती संतोष रागा द्वारा आवास का नजदीकी रिश्तेदार को हस्तांतरण के अन्तर्गत निवेदन पर मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत प्रार्थनापत्र मय प्रपत्र एवं निर्धारित शुल्क के आधार पर मण्डल के कार्यालय आदेश क्रमांक 2983 दिनांक 18.09.2001 के द्वारा आवास का नाम हस्तांतरण श्री अनिल रागा पुत्र श्री एन.एन. रागा के पक्ष में जारी कर दिया गया। श्री अनिल रागा द्वारा आवास का नजदीकी रिश्तेदार को हस्तांतरण के अन्तर्गत निवेदन पर मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत प्रार्थनापत्र मय प्रपत्र एवं निर्धारित शुल्क के आधार पर मण्डल के कार्यालय आदेश क्रमांक 6060 दिनांक 20.03.2004 के द्वारा आवास का नाम हस्तांतरण श्री अनिल रागा एवं श्री प्रताप रागा पुत्रान स्व. श्री एन.एन. रागा के संयुक्त नाम से जारी कर दिया गया। मण्डल द्वारा आवास का आदेश प्रमाणपत्र क्रमांक 6111 दिनांक 24.03.2004 को श्री अनिल रागा एवं श्री प्रताप रागा के पक्ष में संयुक्त नाम से जारी कर दिया गया था। श्री अनिल रागा एवं श्री प्रताप रागा द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के संयुक्त नाम से दिनांक 30.06.2005 को उप पंजीयक कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री प्रताप रागा द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेज एवं पंजीकृत रिलीजडीड (हकत्याग पत्र) दिनांक 19.11.2007 के आधार पर मण्डल के कार्यालय आदेश पत्रांक 3765 दिनांक 22.03.2016 के द्वारा आवास का नाम लीज हस्तांतरण श्री प्रताप रागा पुत्र स्व. श्री एन.एन. रागा के पक्ष में जारी कर दिया गया। श्री प्रताप रागा द्वारा आवास का बेचान जर्ये पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 31.03.2016 को श्री भगवान दास कसूरिया पुत्र श्री मूलचन्द, श्रीमती आशा कसूरिया पत्नि श्री भगवान दास कसूरिया एवं श्री अमित कसूरिया पुत्र श्री भगवान दास कसूरिया, श्रीमती आशा कसूरिया एवं श्री अमित कसूरिया के संयुक्त नाम से जारी कर दिया गया। श्री अमित कसूरिया की मृत्यु दिनांक 19.09.2024 को हो जाने के उपरांत उनकी पत्नि श्रीमती लीना कसूरिया सरपरस्त माता श्री रोनित कसूरिया द्वारा उक्त आवास में स्वयं का नाम जुड़वाने हेतु मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत सहमति पत्र, क्लियरेंस सर्टिफिकेट, शपथपत्र एवं अन्य प्रपत्रों के आधार पर मण्डल द्वारा आवास का नाम पुनिकरण हस्तांतरण कार्यालय आदेश क्रमांक 31/232 दिनांक 21.05.2025 को श्री भगवान दास कसूरिया पुत्र श्री मूलचन्द, श्रीमती आशा कसूरिया पत्नि श्री भगवान दास कसूरिया एवं श्रीमती लीना कसूरिया पत्नि स्व. श्री अमित कसूरिया सरपरस्त माता श्री रोनित कसूरिया के संयुक्त नाम से जारी कर दिया गया। श्री भगवान दास कसूरिया, श्रीमती आशा कसूरिया व श्रीमती लीना कसूरिया सरपरस्त माता श्री रोनित कसूरिया द्वारा संयुक्त रूप से उक्त आवास का बेचान जर्ये पंजीकृत बयनामा दिनांक 30.12.2025 को श्रीमती वर्षा अन्दानी पत्नि श्री चन्द्रप्रकाश अन्दानी को कर दिया गया। श्रीमती वर्षा अन्दानी द्वारा द्वारा उक्त आवास का मण्डल नियमानुसार लीज हस्तांतरण किये जाने हेतु आवश्यक प्रपत्र एवं शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 4 ध 32, सी.ई.बी., खोजवा, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उत्तर दायर हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना दावा लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती वर्षा अन्दानी पत्नि श्री चन्द्रप्रकाश अन्दानी के पक्ष में आवासन के लीज हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

नाम परिवर्तन

मैं रजनीश अपने पुत्र का नाम केशव से बदलकर केशव चौधरी कर लिया है। भविष्य में उसे केशव चौधरी के नाम से जाना जावे। पताः-रायपुर जाटान तहसील बुहाना जिला झुंझुनू राजस्थान

नाम संशोधन

मैं जे सी 665590 पी सूबेदार चन्दन सिंह निवासी बड़ा पांचना मांची तहसील व जिला करौली शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पत्नी साधना देवी का नाम गलती से मेरे आर्मी के कागजातों में साधना हो गया है जबकि आधार कार्ड पैन कार्ड में वास्तविक नाम साधना देवी ही है अब साधना के स्थान पर सही नाम साधना देवी कराना चाहता हूं

कार्यालय उपायुक्त, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम जयपुर

मुरलीपुरा सब्जी मंडी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर

क्रमांक मु.जो./नगिज/2025/2092 दिनांक: 21.1.2026

सार्वजनिक सूचना

भूखण्ड सं. 140, स्कीम 3 बन्धुनगर मुरलीपुरा जयपुर का बन्धु गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा श्री गुमान सिंह पुत्र श्री केशर सिंह को क्षेत्रफल 200 वर्गगंज भूमि का आवंटन पत्र जारी किया गया था। जिसके पश्चात श्री गुमान सिंह द्वारा उक्त भूखंड का बेचान जरिये अपंजीकृत इकरारनामा का आधार पर आवेदक श्रीमती इन्दु शेखावत पत्नी श्री पृथ्वीराज सिंह शेखावत के पक्ष में कर दिया। प्रकरण में श्रीमती इन्दु शेखावत द्वारा आवंटन पत्र मय साइट प्लान एवं अपंजीकृत इकरारनामा के आधार पर उक्त भूखंड का पट्टा चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध करायें गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्रीमती इन्दु शेखावत पत्नी श्री पृथ्वीराज सिंह शेखावत के पक्ष में भूखंड के कुल क्षेत्रफल में से 200 वर्गगज का पट्टा जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के पट्टा जारी करने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

कार्यालय उपायुक्त, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम जयपुर

कार्यालय नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपूतली-बहरोड)

नवोदय स्कूल के पास, पावटा-303106 राज.
फोन-01421-294619, Email Id: nagarpalikapaotapragpura@gmail.com

क्रमांक-न.पा.पाव.प्रा./2025-26/भूमि/1200
दिनांक-20/01/2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

निम्न आवेदक ने नगरपालिका कार्यालय में 90-क/स्टेट ग्रांट/कृषि भूमि नियमन पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है, उक्त पत्रावली में किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

क्र.सं.-1, आवेदक का नाम-श्री मालीराम जाट पुत्र श्री रामस्वरूप जाट, खसरा संख्या-1115/2369, राजस्व ग्राम-पावटा, क्षेत्रफल (वर्गगज/वर्गमीटर)-22.97, प्रयोजनार्थ-मिश्रित

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'महिलाओं को 3 गुणा मेहनत पर मिलता है राजनीति में स्थान'

जाट आरक्षण वसुन्धरा राजे ने बचाया : राजा राम मील

जयपुर (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि महिलाओं को पुरुषों से तीन गुना अधिक मेहनत करनी पड़ती है, तब जाकर उन्हें राजनीति में स्थान मिलता है। वे शनिवार को विधानसभा के नजदीक स्थित कॉन्सिट्यूशन क्लब में आयोजित जाट महिला शक्ति संगम कार्यक्रम में बोल रही थी।

कार्यक्रम में जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील ने कहा कि जाट आरक्षण वसुन्धरा राजे ने बचाया।यहाँ तक कि धौलपुर और भरतपुर के जाटों को आरक्षण भी वसुन्धरा राजे ने दिलवाया। राजे ने कहा कि आजादी के समय भारत में महिलाओं की साक्षरता दर 9 प्रतिशत थी, आज 65 प्रतिशत है। देश के आम चुनावों में चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत है,जबकि 1957 में सिर्फ 3 प्रतिशत ही थी। महिला सांसदों की संख्या पहली लोकसभा में 22 थी,आज 74 है। राज्यसभा में 1952 में महिला सदस्यों की संख्या 15 थी, आज 42 हो गई, परंतु लेकिन यह संख्या पर्याप्त नहीं है। जबकि यह संख्या पुरुषों के बराबर होना चाहिए।

पूर्व सीएम ने कहा कि प्रतिभा पाटिल और द्रौपदी मुर्मू ने सिद्ध कर दिया कि शिक्षा सफलता की कुंजी है। डॉ.कमला बेनीवाल, हेमा मालिनी, सुमित्रा सिंह, डॉ.प्रियंका चौधरी, रीटा चौधरी, डॉ.शिखा मील और सुशीला बराला, पद्मश्री से सम्मानित कृष्णा पूनिया, कमला कंस्वा और दिव्या मदेरणा ने राजनीति के क्षेत्र में नाम किया है। विधायक डॉ.शिखा मील, पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया, पूर्व न्यायाधीश डॉ.राजेंद्र चौधरी ने भी संबोधित किया।

अंतर्राज्यीय नशा तस्कर गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने 6 वर्षों से फरार 25 हजार रुपए के इनामी अंतरराज्यीय नशा तस्कर भोपाल सिंह (50) निवासी मनासा जिला नीमच (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया है।

आरोपी लंबे समय से राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, पंजाब और महाराष्ट्र में नशे का संगठित नेटवर्क चला रहा था। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद एएनटीएफ ने रणनीतिक तरीके से कार्रवाई करते हुए खरीदार बनकर आरोपी से संपर्क साधा। बड़ी खेप का लालच देकर भोपाल सिंह को गांव से बाहर एक खेत पर मिलने बुलाया गया और जैसे ही आरोपी खेत पर पहुंचा। पहले से घात लगाए एएनटीएफ के जवानों ने चारों ओर से घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। गांव के भीतर पहले की गई कार्रवाई में असफलता को देखते हुए इस बार टीम ने पूरी सतर्कता के साथ रणनीति बनाई। एटीएस व एएनटीएफ आईजी पुलिस विकास कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि माता की बीमारी, खेती में नुकसान और पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी शादी के खर्चों ने उसे भारी कर्ज में डाल दिया। खेती से कर्ज न चुका पाने पर उसने नशा तस्करी का रास्ता अपना लिया।

सेल्फी लेकर हो रहा वंदेमातरम् जय घोष

जयपुर (कासं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के द्वितीय चरण की श्रृंखला में ध्येय वाक्य "स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम" एवं समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत" आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में राष्ट्रगीत वंदेमातरम का स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को विभिन्न आयोजनों के माध्यम से प्रदेश के जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला, साहित्य एवं संस्कृति प्रवीण गुप्ता ने बताया कि वन्देमातरम150 के आयोजन के द्वितीय चरण में "स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम" एवं समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत" भारत सरकार द्वारा निर्देशित ध्येय वाक्य का अनुसरण करते हुए जयपुर सहित प्रदेश के महाविद्यालयो,विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में शनिवार को वंदेमातरम150 पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, रंगोली, चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं शनिवार को ही समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता भी की गई।

वंदे मातरम् की थीम पर लगाए गए सेल्फी बूथ युवाओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए है।

सयुंक्त शासन सचिव कला, साहित्य एवं संस्कृति अनुराधा गोगिया ने बताया कि जयपुर के अल्बर्ट हॉल, हवामहल, आमेर सहित पर्यटन स्मारकों और प्रदेश के पर्यटक स्मारकों पर वंदे मातरम बूथ लगाए गए हैं।

इसके साथ ही जहां सेल्फी पॉइंट्स बनाये गए है वहां पर आगंतुक पर्यटक एवं आमजन वंदे मातरम के महातम्य से परिचित होने के साथ ही इन सेल्फी पॉइंट्स पर सेल्फी लेकर अपने राष्ट्रभक्ति के भाव को प्रकट भी कर रहे हैं। अल्बर्ट हॉल पर पुलिस बैंड द्वारा वन्देमातरम की धुन का वादन किया गया। शुक्रवार को राज्य में आयोजित मेगा पीटीएम में एक साथ 65 हजार विद्यालयों में समस्त अभिभावकों को सम्मिलित कर वंदे मातरम् से व्यापक स्तर पर गायन करवाया जाना एक उपलब्धि है।

प्रदेश की 62 हजार आंगनबाड़ियों में भी शुक्रवार को वंदे मातरम का गायन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में वंदे मातरम 150 आधारित झांकी निकाली जाएगी।

सम्मन बनाम कायम मुकाम

(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत जेएम (डी) मुकाम जयपुर जिला
दावा बाबत सी एस
दासानन्द पेसवानी बनाम भंवर लाल शर्मा
मुकदमा नं. 78 सन् 18

बनाम - 1. गोरी देवी 2. रामावतार 3. किशनवतार 4. राजेश कुमार वल्द स्व. भंवरलाल कौम हिन्दू साकिन 29/B सिंधु नगर नाहरी का नाका जयपुर चूंकि ने इस अदालत में तारीख - माह- सन् 20 को 1. दासानन्द पेसवानी बनाम 2. भंवरलाल दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतबफ्फी भंवरलाल शर्मा मजदूर के कायम मुकाम जायज और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 1. गोरी देवी 2. रामावतार 3. किशनवतार 4. राजेश कुमार

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1. गोरी देवी 2. रामावतार 3. किशनवतार 4. राजेश कुमार बनाए जाए। आपको तारीख 31 माह 1 सन 2026 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 22 माह 12 सन् 25 को जारी किया गया।

मोहर अदालत
शरिस्तेदार
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर जिला जयपुर

मधुमक्खी पालन से किसानों की आय होगी दोगुनी : कृषि मंत्री

जयपुर (कासं)। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि प्रदेश के किसानों और पशुपालकों के आर्थिक विकास एवं सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से आव्हान किया कि वे कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों में नवीन तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाएं, जिससे आय में वृद्धि हो और किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। डॉ. किरोड़ीलाल शनिवार को कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुर (जयपुर) में आयोजित "हाई वैल्यू मधुमक्खी उत्पादन: तकनीकी, वर्तमान परिदृश्य, भविष्य एवं संभावनाएं" विषयक दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश का किसान मेहनती और ईमानदार है तथा कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में नवाचार के जरिए राजस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने शनिवार को "हाई वैल्यू मधुमक्खी उत्पादन: तकनीकी, वर्तमान परिदृश्य, भविष्य एवं संभावनाएं" विषयक सेमिनार के समापन समारोह को संबोधित किया।

तेजी से प्रगतिशील बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि आईसीएआर के अनुसार मधुमक्खी पालन से संबंधित क्षेत्रों में फसलों की पैदावार में 20 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान विशाल भौगोलिक क्षेत्र वाला प्रदेश है, जहां जंगली और कृषि दोनों प्रकार की वनस्पतियों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध है। यहां मकरंद और पराग की प्रचुरता मधुमक्खी पालन के लिए प्रदेश को अत्यंत अनुकूल बनाती है। मधुमक्खी पालन अब किसानों के लिए आय का सशक्त स्त्रोत बन चुका है और किसान खेती के साथ शहद उत्पादन कर आय में वृद्धि कर रहे हैं।

■ **राजस्थान बनेगा शहद उत्पादन का हब : डॉ. किरोड़ी लाल मीणा**

डॉ. किरोड़ीलाल ने बताया कि देश के कुल शहद उत्पादन में राजस्थान की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत है और प्रदेश देश के पांच अग्रणी शहद उत्पादक राज्यों में शामिल है। वर्तमान में प्रदेश में 3 हजार 350 मधुमक्खी पालकों के पास 2 लाख 76 हजार मधुमक्खी कॉलोनियां हैं, जिनसे लगभग 8 हजार 500 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हो रहा है। शहद उत्पादन में अलवर, भरतपुर और हनुमानगढ़ अग्रणी जिले हैं।उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार मधुमक्खी कॉलोनियां एवं 50 हजार मधुमक्खी बॉक्स वितरित किए जा रहे हैं, जिन पर 40 प्रतिशत अनुदान के रूप में कुल 8 करोड़ रुपये की सहायता दी जा रही है।पराग की अनुपलब्धता एवं अधिक तापमान की स्थिति में मधुमक्खी कॉलोनियों के माइग्रेशन हेतु राज्य के 1000 मधुमक्खी पालकों को 9 हजार रुपये प्रति पालक की दर से सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही, मधुमक्खी पालकों को वैज्ञानिक तरीके से शहद उत्पादन के प्रशिक्षण भी दिए जा रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा 2 करोड़ रुपये की लागत से 1000 मधुमक्खी पालकों को मधुमक्खी पालन किट वितरित की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत भरतपुर और टोंक जिलों में 10-10 करोड़ रुपये की लागत से मधुमक्खी पालन के उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से मधुमक्खी पालकों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्ता युक्त कॉलोनियां, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, विपणन एवं शहद की गुणवत्ता जांच जैसी आधु